सेंट थॉमस स्कूल, लोनी

अधिष्ठापन समारोह

सत्र- 2023-24

दिनांक – 20/05/2023 को सेंट थॉमस स्कूल, लोनी में प्रधानाचार्या श्रीमती शाली नायर की देखरेख में अधिष्ठापन समारोह (इंवेस्टिचर सेरेमनी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन आदरणीय फादर सजी अब्राहम और विद्यालय के मैनेजर आदरणीय फादर चरियन जोसफ भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान वी० के० कुरिआकोस (प्रधानाचार्य सेंट थॉमस स्कूल , इंदिरापुरम) उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरम्भ ईश्वर वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि के स्वागत में छात्रों ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय ध्ववजारोहण के बाद उच्च माध्यमिक व माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों को योग्यतानुसार विभिन्न शीर्षक प्रदान किए गए जैसे - हेड बॉय, हेड गर्ल , लिटरेरी कप्तान आदि। तदोपरांत स्कूल कॉउन्सिल के सदस्य छात्रों द्वारा स्कूल का लक्ष्य पूरा करने में सहयोग देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली गई। साथ ही एक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा (कक्षा 10 तथा कक्षा 12) में विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए उपहार दिए गए। इसके बाद विद्यालय के चेयरमैन आदरणीय फादर सजी अब्राहम ने ने सभा को सम्बोधित किया। छात्रों द्वारा योगा नृत्य, ध्वज के सम्मान में नृत्य और प्रेरणात्मक नृत्य भी प्रस्तुत किए। आदरणीय मुख्य अतिथि श्रीमान वी० के० कुरिआकोस और प्रधानाचार्या श्रीमती शाली नायर के सन्देश के बाद राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।